# उद्योग मंदिर की तरह, जिससे लाखों लोगों को मिलता है रोजगार : डॉ. यादव

**भोपाल (काप्र)।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उद्योगों का निर्माण किसी मंदिर के बनने की तरह है। उद्योग ऐसे मंदिर हैं जो भगवान की तरह दर्शन जीविका का प्रसाद और आशीर्वाद देते हैं। श्रम शक्ति से लाखों व्यक्तियों को रोजी-रोटी मिलती है। आज के तकनीकी दौर में छोटे देश भी प्रगति कर रहे हैं।

युद्धों से विकास में पिछड़ने वाले देश भी उद्यमशीलता से विकसित हो जाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम आज बदलते दौर का भारत देख रहे हैं, जहां कई क्षेत्रों में तीव्र प्रगति हो रही है। इंदौर ने उद्योगों के विकास का कीर्तिमान बनाया है, इंदौर आईटी क्षेत्र की राजधानी है। इंदौर में श्री अतुल पंचशील जैसे उद्योगपति विशिष्ट कार्य कर रहे हैं।

डॉ. यादव ने बताया प्रदेश में पाँच बड़े नगरों में इण्डस्ट्री पार्क प्रारंभ किये जा रहे हैं। कोरिया जैसे देश जिनसे भारत का पुराना सांस्कृतिक नाता है, वे भी मध्यप्रदेश में निवेश के लिये इच्छुक हैं। आज की कॉन्क्लेव में कोरिया और जापान से भी प्रतिनिधि आये हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कॉन्क्लेव से लगभग 20 हजार करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिससे लगभग 75 हजार रोजगार सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि मुझे बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि आज के टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव में विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के भूमि-पूजन एवं शिलान्यास भी हुए हैं। इसमें से जीआईएस-भोपाल में आईटी सेक्टर में प्राप्त 99 प्रस्तावों में से 25 प्रतिशत का आज भूमि-पूजन हुआ है, जो इस बात का द्योतक है कि हम बस वादे नहीं करते, उन्हें धरातल पर उतारकर भी दिखाते हैं।

मुख्यमंत्री रविवार को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में मध्यप्रदेश टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भोपाल जिले के बैरसिया में मोबाईल, सेमीकंडक्टर डिवाइस पार्क बनाने वाले प्रतिष्ठान विश्व स्तरीय अधोसंरचना का लाभ प्राप्त करेंगे। लगभग 209 एकड़ क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग के इस मेगा प्रोजेक्ट से बड़ी संख्या में रोजगार उपलब्ध कराना संभव होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल के बैरसिया में महत्वपूर्ण निवेश करीब 1500 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करने में सफलता मिली है। स्पेस टेक नीति के अंतर्गत यह कार्य होगा। इससे सायबर सुरक्षा के क्षेत्र में नया दौर सामने आयेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर में एग्रीटेक उत्कृष्टता केन्द्र बनेगा। ड्रोन तकनीक सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश आयेगा। परदेशीपुरा आईटी पार्क से



नई संभावनाएँ विकसित होंगी। इंदौर आईटी क्षेत्र की नई राजधानी बन गयी है। डॉ. यादव ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मध्यप्रदेश सरकार द्वारा तैयार की गयी 18 उद्योग हितैषी नीतियों का लोकार्पण किया था। ये नीतियाँ उद्योगों के विकास में उपयोगी सिद्ध हो रही हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश में अद्भूत कार्य किया है। उनके विकसित भारतञ्च2047 के संकल्प के अनुसार मध्यप्रदेश में निरंतर कार्य हो रहा है। जीआईएस-भोपाल से उद्योग स्थापना के सभी रिकार्ड टूटे हैं। उद्योगपति स्वयं यह कह रहे हैं कि मध्यप्रदेश में एक माह में उद्योग लगाने का कार्य संभव हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश तेज गति से कृषि विकास दर प्राप्त कर रहा है। आगामी 3 मई को कृषि मेला आयोजित किया जा रहा है। प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय 11 हजार से बढ़कर एक लाख 52 हजार रुपये तक पहुंच गयी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर में आज हुई कॉन्क्लेव में एमओयू करने वाले सभी औद्योगिक संस्थान बधाई के पात्र हैं। कॉन्क्लेव के दौरान चार नई औद्योगिक नीतियों की गाइड लाईन जारी की गयी। डॉ. यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश अब मात्र वादों का नहीं, जनता से किये गये वादों को पूरा कर विकास के पथ पर अग्रसर होने वाला राज्य है। टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025 मध्यप्रदेश की तकनीकी-परक औद्योगिक यात्रा का स्वर्णिम पड़ाव है। आज का दिन मध्यप्रदेश के टेक्नो-इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा। इन्दौर में टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव का सफल आयोजन हुआ है। यह सिर्फ एक कॉन्क्लेव नहीं है, बल्कि प्रदेश की तकनीकी-परक अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए ऐतिहासिक कदम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 में हमने दुनिया को मध्यप्रदेश की प्रौद्योगिकी क्षमता से रूबरू करवाया था। यह कॉन्क्लेव उसी संकल्प का जीवंत उदाहरण है, जहां हम इरादों को निवेश में और नीतियों को क्रियान्वयन में बदल रहे हैं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को हुए अभी 60 दिन ही हुए हैं और इस अल्प समय में टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव का सफल आयोजन हमारी प्रॉमिस्ड डिलीवरी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 के निवेश इरादों को ठोस निवेश में बदलना, राज्य में तकनीकी विकास के लिए सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना, नए आईटी पार्क, सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस, इनक्यूबेटर्स की स्थापना करना, प्रमुख बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं के लिए भूमि-पूजन कर आधारशिला रखना एवं पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं का लोकार्पण करना, जीसीसी, आईटी, ड्रोन, और एवीजीसी-एक्सआर पर चर्चा करके इन नीतियों का सफल क्रियान्वयन कराना, मुख्यमंत्री डॉ. यादव और उद्योगपतियों के बीच विशेष बैठकें आयोजित कर निवेश स्वीकृतियों और परियोजना-स्तरीय चिंताओं पर चर्चा करना और रीयल-टाइम अपडेट और एंड-टू-एंड सुविधा प्रदान करने के साथ प्रदेश को नवाचार और निवेश के लिए एक वैश्विक गंतव्य के रूप में स्थापित करना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कॉन्क्लेव में 19 निवेशकों से वन-टू-वन मीटिंगभी की गई।

डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की स्पेस टेक नीति बनाई जायेगी, जिससे राज्य में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, अनुसंधान और उद्यमों को प्रोत्साहन मिलेगा। राज्य में सायबर सुरक्षा सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जायेगी। भोपाल में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर 2.0 परियोजना के तहत इलेक्ट्रानिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर विकसित किया जायेगा। इसमें 1,500 करोड़ रूपये के निवेश से बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ क्रिएटिव टेक्नोलॉजी क्षेत्रीय केन्द्र बनाया जायेगा, जो डिजिटल नवाचार, रचनात्मक शिक्षा और स्किल डेवलपमेंट के लिए एकीकृत प्लेटफ़ॉर्म के रूप में काम करेगा। एग्रीटेक सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस - आईआईटी इन्दौर में स्थापित किया जायेगा, जो आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस क्लाउड एवं अन्य तकनीकों पर आधारित कृषि नवाचारों को बढ़ावा देगा।

## मप्र में गर्मी के बीच बारिश का दौर शुरू कई जिलों में हुई बारिश पड़े ओले

**भोपाल (काप्र)।**

**तेज गर्मी के बीच मध्यप्रदेश में रविवार को भोपाल में बादल छाए रहे। दोपहर में कई जगह बूंदाबांदी हुई। जबलपुर-छिंदवाड़ा, शहडोल, सागर और डिंडौरी में तेज बारिश हुई। रतलाम में कफी गर्मी रही यहां का अधिकतम तापमान 43.4 डिग्री दर्ज किया गया।**

मध्य प्रदेश के मौसम में अचानक से बदलाव देखने को मिल रहा है अलग-अलग स्थान पर बनी तीन मौसम प्रणालियों के असर से अरब सागर में नमी आने का सिलसिला शुरू हो गया है। तेज गर्मी के बीच मध्यप्रदेश में रविवार को भोपाल में बादल छाए रहे। दोपहर में कई जगह बूंदाबांदी हुई। जबलपुर-छिंदवाड़ा, शहडोल, सागर और डिंडौरी में तेज बारिश हुई। विदिशा के गंजबासौदा में आंधी चली। दमोह में ओले गिरे। प्रदेश में हुई बारिश से तापमान में गिरावट आई है। प्रदेश के कई जिलों का तापमान 40 डिग्री से नीचे चला गया है।

हलांकि रतलाम में कफी गर्मी रही यहां का अधिकतम तापमान 43.4 डिग्री दर्ज किया गया जो कि प्रदेश में सबसे ज्यादा रहा। वहीं सबसे कम तापमान पचमढ़ी में 33.2 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग का कहना है कि अगले तीन दिन तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा। इससे पहले शनिवार को प्रदेश में मौसम के दो रंग देखने को मिले। रात में भोपाल, हरदा, देवास, सीहोर, रायसेन और नर्मदापुरम में हल्की बारिश हुई, जबकि कई जिलों में तेज आंधी भी चली।

## दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध

**भोपाल (काप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिये सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने इंदौर में दिव्यांगजनों के हित में आयोजित एक गरिमामय समारोह में 300 दिव्यांगजनों को कुल 749 बैटरीयुक्त ट्रायसिकल सहित अन्य तरह के सहायक उपकरणों का वितरण किया।**



जिला प्रशासन की पहल पर आईडीबीआई बैंक के सामाजिक दायित्व कार्यक्रम तथा भारतीय रेडक्रास सोसाइटी के वित्तीय सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। डॉ. यादव ने कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न हिस्सा हैं। हमारी सरकार उनका आत्मसम्मान बढ़ाने, उन्हें स्वावलंबी बनाने और मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि बैटरीयुक्त ट्राईसिकल और सहायक उपकरणों से दिव्यांगजनों की गतिशीलता बढ़ेगी और वे अधिक स्वतंत्रता के साथ सुविधाजनक रूप से अपने कार्यों को सहजता से कर सकेंगे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने निजी क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न संस्थानों से भी आह्वान किया कि वे दिव्यांगजनों को रोजगार उपलब्ध कराने में प्राथमिकता दें जिससे कि वे समावेशी विकास का हिस्सा बनें। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों के जीवन को आसान और सम्मानजनक बनाने के लिए भविष्य में भी अनेक योजनाएँ लेकर आएगी।

## पेज एक से जारी खबरों के शेष...

### डीए में 5 प्रतिशत बढ़ोतरी ...

की जाएगी। उन्होंने कहा कि भगवान महाकल की कृपा से जल्द ही पदोन्नति को लेकर अच्छी खबर मिलेगी। मध्य प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के महामंत्री उमाशंकर तिवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा महंगाई भत्ते (डीए) में 5प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा का स्वागत किया है। उन्होंने बताया कि संगठन की ओर से जुलाई 2024 से 3प्रतिशत और जनवरी 2025 से 2त्न महंगाई भत्ता एवं राहत बढ़ाने की मांग लगातार की जा रही थी। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार, न केवल 5प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाया गया है, बल्कि जुलाई 2024 से अप्रैल 2025 तक का एरियर भी दिया जाएगा, जिससे प्रदेश के कर्मचारियों को 775 रुपये से लेकर 7500 रुपये तक का सीधा लाभ मिलेगा। हालांकि, तिवारी ने यह भी कहा कि जहां कार्यरत कर्मचारियों को यह लाभ मिला है, वहीं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए अब तक कोई घोषणा नहीं की गई है। संगठन की मांग है कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी समान रूप से पिछली तिथि से 5त्न महंगाई राहत प्रदान की जाए, ताकि उन्हें भी इस निर्णय का सीधा लाभ मिल सके।

### तीन और आतंकवादियों .....

ही पहलगाम हमले के बाद से अब तक आतंकवादियों और उनके सहयोगियों के नौ घरों को ध्वस्त किया जा चुका है। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में मंगलवार को आतंकवादियों की गोलीबारी में कम से कम 26 लोग मारे गए हैं, जिनमें अधिकतर पर्यटक शामिल थे। इस हमले के कारण भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोर देकर कहा था, ''हम धरती के आखिरी छोर तक उनका (पहलगाम के हमलावरों का) पीछा करेंगे।

### कहा-किसी भी मुकाबले ....

मौत हुई है। मरने वालों में दो सैन्य अधिकारी भी शामिल हैं, जिनमें एक नौसेना अधिकारी भी थे। ये सैन्य अधिकारी भी अन्य सैलानियों की भांति परिवार के साथ छुट्टियां बिताने जम्मू-कश्मीर गए थे। मंगलवार को आतंकवादियों ने यहां पहलगाम में पर्यटकों पर हमला किया और पर्यटकों का नाम पूछ-पूछकर आतंकियों ने उन पर गोली चलाई। जम्मू-कश्मीर स्थित पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 48 घंटे के भीतर ही भारत ने अपने शत्रुओं को एक सख्त संदेश देते हुए गुरुवार को एक महत्वपूर्ण मिसाइल परीक्षण किया था। यह मिसाइल परीक्षण भारतीय नौसेना ने अपने डिस्ट्रॉयर आईएनएस सूरत पर अरब सागर में किया था। नौसेना ने मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल दागी थी। नौसेना के मुताबिक इस दौरान भारत के स्वदेशी मिसाइल विध्वंसक आईएनएस सूरत ने समुद्र में लक्ष्य को सफलतापूर्वक भेदने में कामयाबी हासिल की। नौसेना का यह विध्वंसक दुश्मन की मिसाइल को हवा में ही नष्ट करने की क्षमता से लैस है। आतंकवाद के खिलाफ भारत द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों से पाकिस्तान बुरी तरह तिलमिलाया हुआ है। यही कारण है कि पाकिस्तानी सेना बार-बार संघर्ष विराम का उल्लंघन करते हुए अपनी चौकियों से फायरिंग कर रही है। 26-27 अप्रैल की रात को भी पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने तुतमारी गली और रामपुर सेक्टर के सामने के इलाकों में नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। भारतीय सैनिकों ने भी गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया है। भारतीय सेना पाकिस्तान की किसी भी नापाक हरकत का जवाब देने के लिए पूरी तरह से सतर्क और तैयार है। चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने जम्मू-कश्मीर में कई महत्वपूर्ण बैठकें की हैं। सेना प्रमुख ने सेना की अब तक की गई कार्रवाई की समीक्षा भी की है। वहीं भारतीय नौसेना ने भी अपनी तैयारियों को मजबूती से प्रदर्शित किया है।

### पहलगाम आतंकवादी ....

उन्होंने मृतकों के परिवारजनों के प्रति संवेदनाएं प्रकट की हैं। पूरा विश्व, आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में भारतीयों के साथ खड़ा है। मोदी ने कहा कि देश का युवा विज्ञान, तकनीक और नवाचार की ओर बढ़ रहा है और उसने दुनिया का भारत के प्रति नजरिया बदलने का काम किया है। श्री मोदी ने कहा किआज हम पूरी दुनिया में भारत के प्रतिभा की तारीफ होते देखते हैं। भारत के युवाओं ने भारत के प्रति दुनिया का नज़रिया बदल दिया है, और किसी भी देश के युवा की रुचि किस तरफ है, किधर है, उससे पता चलता है कि देश का भविष्य कैसा होगा। आज भारत का युवा विज्ञान, तकनीक और नवाचार की ओर बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे इलाके, जिनकी पहचान पहले पिछड़ेपन और दूसरे कारणों से होती थी, वहां भी युवाओं ने ऐसे उदाहरण प्रस्तुत किये हैं, जो हमें, नया विश्वास देते हैं। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा का विज्ञान केंद्र आजकल सबका ध्यान खींच रहा है। कुछ समय पहले तक, दंतेवाड़ा का नाम केवल हिंसा और अशान्ति के लिए जाना जाता था, लेकिन अब वहाँ, एक साइंस सेंटर , बच्चों और उनके माता-पिता के लिए उम्मीद की नई किरण बन गया है। इस साइंस सेंटर में जाना बच्चों को खूब पसंद आ रहा है। वे अब नई-नई मशीनें बनाने से लेकर तकनीक का उपयोग करके नए उत्पाद बनाना सीख रहे हैं। उन्हें 3डी प्रिंटर्स और रोबोटिक कारों के साथ ही दूसरी नवाचार चीजों के बारे में जानने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि अभी कुछ समय पहले मैंने गुजरात साइंस सिटी में भी साइंस गैलरीज का उद्घाटन किया था। इन गैलरीज से ये झलक मिलती है कि आधुनिक विज्ञान की संभावना क्या है, विज्ञान हमारे लिए कितना कुछ कर सकता है।

## कामकाजी महिलाओं के छात्रावास निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान: मुख्यमंत्री

**भोपाल (काप्र)।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के कुल स्टार्ट-अप में से 45 प्रतिशत से अधिक की मालकिन महिलाएं हैं। ड्रोन दीदी के रूप में स्वसहायता समूह की बहनें नई पहचान बना रही हैं।

शासकीय नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण ने बहन-बेटियों को सफलता के नए पंख दिए हैं। प्रदेश में महिलाओं के नाम जमीन, दुकान और घर की रजिस्ट्री में अतरिक्त छूट मिल रही है, इससे बहनों के पास सम्पत्ति की शक्ति आई है। बहनों का मान तो बढ़ा ही है, घर के फैसलों में भी अब महिलाओं को महत्व मिल रहा है। यह सब संकेत समाज के सशक्त होने के संकेत हैं क्योंकि समाज का सशक्तिकरण महिलाओं में सशक्तिकरण के बिना अधूरा है। हम यदि अपने राज्य को प्रगति की राह पर आगे बढ़ता देखना चाहते हैं तो बहन-बेटियों को शिक्षा, उनके कौशल उन्नयन और उन्हें रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराना जरूरी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कालिदास अकादमी, उज्जैन में सत्यज फाउंडेशन द्वारा आयोजित महिला केंद्रित रोजगार पर्व को मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे।

डॉ. यादव ने कहा कि बहन-बेटियों को पढ़ाई और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए हर संभव व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

कामकाजी महिलाओं के छात्रावास निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। महिला एवं बाल विकास के लिए कुल 27 हजार 147 करोड़ रुपए का बजट निर्धारित है। इसमें छह साल में जेंडर बजट का आकार दोगना हो गया है। व्यापार में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए कई प्रकार की रियायतें प्रदान की गई हैं। यह हम सबके लिए गर्व का विषय है कि बहन - बेटियां रोजगार और कारोबार में अपने सभी कार्य जिम्मेदारी से संपादित कर रही हैं और परिवार भी संभाल रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बहन-बेटियों के जीवन के हर पड़ाव पर उनके साथ है।

उज्जैन में आयोजित कार्यक्रम में रोजगार पर्व में विभिन्न कम्पनियां शामिल हुईं। कार्यक्रम में कौशल विकास एवं रोजागर राज्य मंत्री तथा उज्जैन जिले के प्रभारी श्री गौतम टेटवाल, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव तथा पूर्व केंद्रीय डॉ. सत्यनाराण जटिया उपस्थित थे।

## भाजपाइयों ने महिला शक्ति के साथ सुनी पीएम की मन की बात



**भोपाल (हिनप्र)। गुरुनानक मंडल ने महिला शक्ति के साथ मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 121वें प्रसारण को सुना।**

इस दौरान, महिला शक्ति ने हाथों में तिरंगा लहराकर और आतंकवाद मुर्दाबाद लिखी तख्तियों के साथ अपना विरोध प्रदर्शित करते हुए आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाई।

मंडल के अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रेरणादायक विचार विकसित भारत के संकल्प को और मजबूत करते हैं। मन की बात कार्यक्रम न केवल प्रेरणा का स्रोत है, बल्कि यह हमें राष्ट्रहित और राष्ट्र सुरक्षा के कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए भी प्रेरित करता है। मन की बात कार्यक्रम में महेश मकवाना, भगवानदास ढालिया, सुनील सराठे, मुकेश सोलंकी, नरेंद्र ठाकुर, संदीप कल्याणे, अतुल घेघट, प्रभात मालवीय, सुकांति ठकुरिया, राजकुमारी डागोर, लक्ष्मी महाजन, कुसुम हिरवे, सुरिया बाजी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

लाल बस की टक्कर से हुआ हादसा

## सड़क दुर्घटना में मृत्यु पर 84 लाख का मुआवजा

**भोपाल।** मोटर दुर्घटना के एक मामले में राजधानी की अदालत ने लाल बस की टक्कर से हुई मृत्यु पर प्रोफेसर के परिजन को 84 लाख रुपए मुआवजा राशि देने के आदेश दिए हैं। अपर जिला न्यायाधीश स्वयं प्रकाश दुबे ने यह फैसला सुनाया है। सुरेंद्र पैलेस होशंगाबाद रोड भोपाल निवासी स्व. रमाकांत शर्मा अपनी पत्नी श्रीमती सीमा शर्मा दो पुत्र-पुत्री एवं माता-पिता के साथ रहते थे। एडवोकेट रणधीर सिंह ठाकुर ने बताया कि दिनांक 31अगस्त 2024 को मृतक रमाकांत शर्मा ग्राम भैंसा खेड़ी इंदौर रोड तरफ से स्कूटी द्वारा भोपाल आ रहे थे तभी तेज रफ्तार लाल बस ने उन्हें बैरागढ़ मेन रोड में टक्कर मार दी थी जिससे दुर्घटना स्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई थी । घटना की रिपोर्ट थाना बैरागढ़ में की गई थी। मृतक के परिजनों की ओर से बस चालक, स्वामी एवं ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी के विरुद्ध अदालत में क्षतिपूर्ति राशि के लिए मुकदमा लगाया गया था। अदालत ने बस चालक को दोषी पाते हुए सीमा शर्मा एवं उनके परिजन को भविष्य में भरण पोषण के लिए 7 प्रतिशत ब्याज सहित 84 लाख रुपए से अधिक का मुआवजा देने के आदेश दिए हैं।

## प्रभु से मांगना है तो सतगुरू की भक्ति मांगनी चाहिए : भगत प्रकाश



**भोपाल (हिनप्र)।** प्रेम प्रकाश मण्डलाध्यक्ष स्वामी भगतप्रकाश जी महाराज (अमरापुर) अपनी संत मंडली के साथ संतनगर आए। उनके साथ मंडली के लालूराम, डालूराम, लालचन्द, हरीओम, कमलसाई, लक्की साई का भी आगमन हुआ।

स्वामी भगत प्रकाश ने प्रेम प्रकाश कॉलोनी स्थित प्रेम प्रकाश आश्रम में सत्संग सभा में कहा कि जहाँ सुमति, तहं संपति नाना, जहाँ कुमति तहं विपति निदाना अर्थात सुमति के पीछे सभी सुख समाएं होते है जिस मनुष्य के पास अच्छी बुद्धि है अच्छे विचार है भले ही उसके पास धन दौलत ज्यादा ना हो भले दुनिया के साथी उनका साथ न दे फिर भी उसका बेड़ा इस संसार से सुखी सुखी पार हो जाएगा। और जिसके पास धन के अंभार हो लेकिन मन के ख्याल अच्छे न हो उसको दुख की प्राप्ति होती है।

उन्होंने कहा कि यह सतगुरू की पावन दरबार है यहाँ मांगने की चीजे तो बहुत है लेकिन अगर मांगना है तो हमें सतगुरू की पावन भक्ति मांगनी चाहिए उनकी सेवा और सिमरन मांगना चाहिए, जो भी ग्रंथ है उनका उद्देश्य है मन को समझाना, मन को भक्ति की ओर लगाना। सत्संग कार्यक्रम में कार्यक्रम के प्रवक्ता बसंत चेलानी एवं आश्रम के सेवाधारी सतीश टहिलयानी भगवानदास वीधानी, नारायणदास दयालदास चंगलानी, विष्णु गेहानी, हरीश मोटवानी, मोहन भूरानी, महेश प्रियानी, लक्ष्मण बेलानी, रामचंद रायचंदानी, गिरधारी झमटानी, लक्ष्मण लालवानी, कन्हैयालाल तथा प्रेम प्रकाश आश्रम के सेवाधारी मौजूद रहे।

**खंडन सूचना**
**प्रकाशन दिनांक 23/04/2024 के संबंध में**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की, भूमि खसरा क्रमांक 547/2 रकबा 8.30 एकड़ स्थित ग्राम बरखेंडा बोंदर तह. हुजुर को मेरे पक्षकारगण द्वारा दि.10/3/2009 को क्रय करने बाबत अनुबंध पत्र निष्पादित कराया गया था । भूमी आदिवासी की होने के कारण क्रय विक्रय करने की अनुमति, माननीय जिला कलेक्टर भोपाल के प्रकरण कं 17/अ-21/09-10 आदेश दिनांक 6.9.2011 के माध्यम से ली गई थी, जो आज दिनांक तक प्रभावी है तथा विक्रय अनुबंध पत्रों का नवीनीकरण समय-समय पर किया जाता रहा है जो आज भी प्रभावी है। उक्त भूमि के संबंध में प्रकाशन दिनांक 23/4/2025 को कराया गया है, जिसका पुरजोर खंडन किया जाता है । उक्त भूमि पूर्व से मेरे पक्षकारगण द्वारा अनुबंधित है, विक्रेता के मन में बेईमानी आ जाने के कारण वह रजिस्ट्री में आनाकानी कर रहे हैं, इसलिए विक्रय अनुबंध पत्र के पलनार्थ माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में आर्बिट्रेटर की नियुक्ति बाबत प्रकरण प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन हैं। मेरे पक्षकार रणधीर सिंह ठाकुर द्वारा विक्रेता को भूमि की अधिकांश राशि प्रदान की जा चुकी है। ऐसी स्थिति में जिन व्यक्तियों के द्वारा उक्त आम सूचना का प्रकाशन कराया गया है, वह उक्त भूमि का सौदा नहीं करें, प्रकरण उच्च न्यायालय में विचाराधीन होने से उक्त संमव्यवहार अवहेलना की श्रेणी में आवेगा एवं मेरा पक्षकार ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करेगा।

**एम. एल. रघुवंशी, अधिवक्ता**
पता-लक्ष्मीपुरी कालोनी, 80 फिट रोड, अशोका गार्डन भोपाल, म.प्र
M. No. 9827247638